## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 12.03.2025** **समय : 1905**

- **मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की ओर से जलीय कृषि करने वाले किसानों के लिए बीमा योजना लागू।**
- **ट्राई ने यूसीसी से संबंधित दूरसंचार वाणिज्यिक संचार उपभोक्ता वरीयता विनियम दो हजार अट्ठारह जारी किया।**
- **श्री विजयपुरम के मरीना पार्क में भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण ऐरोबेटिक टीम द्वारा एयर–शो का शानदार प्रदर्शन ।**
- **कला एवं संस्कृति निदेशालय की ओर से कल अंडमान क्लब में होली के उपलक्ष में फाग कार्यक्रम का आयोजन।**

<><><><><><><>

मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, वित्त वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस से दो हजार छब्बीस–सत्ताईस तक चार वर्षों की अवधि के लिए वर्तमान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह–योजना नामक एक नई केंद्रीय क्षेत्र उप–योजना को कार्यान्वित कर रहा है। मंत्रालय ने सितम्बर दो हजार चौबीस को पीएम–एम के एस एस वाई के अंतर्गत नेशनल फिशरीज़ डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। एन एफ डी पी का उद्देश्य मात्स्यिकी क्षेत्र में सभी हितधारकों के लिए कार्य–आधारित डिजिटल पहचान और डेटाबेस के निर्माण के माध्यम से भारतीय मात्स्यिकी और जलीय कृषि क्षेत्र को औपचारिक बनाना है। यह संस्थागत ऋण तक पहुंच, मात्स्यिकी सहकारी समितियों को मजबूत करने, जलीय कृषि बीमा को प्रोत्साहित करने, निष्पादन–आधारित प्रोत्साहन, फिशरीज़ ट्रेसबिलिटी सिस्टम और प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए 'वन–स्टॉप' सोल्यूशन के रूप में भी कार्य करता है। एन एफ डी पी के तहत एक्वाकल्चर मॉड्यूल विकसित किया गया है। लाभार्थी एन एफ डी पी पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं और लाभ उठा सकते हैं।

<><><><><><><>

मरीन हिल स्थित मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 'मड क्रैब फैटनिंग और झींगा पालन' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। खारे पानी की जलकृषि, झींगा और केकड़ा फार्म के डिजाइन और लेआउट, झींगा और केकड़ा जलकृषि के प्री–स्टॉकिंग और स्टॉकिंग प्रबंधन जैसे पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए कुल पच्चीस प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक मछुआरों, मछली पालकों, स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों, आदिवासी और बेरोजगार युवाओं से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयनित प्रशिक्षु को यात्रा भत्ता प्रदान किया जाएगा। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन निकटतम क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय या मत्स्य उप–स्टेशनों में इक्कीस मार्च तक जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण–ट्राई द्वारा अवांछित कॉल और एस एम एस जैसे अनचाहे वाणिज्यिक संचार को विनियमित किया जाता है। ट्राई ने यूसीसी से संबंधित दूरसंचार वाणिज्यिक संचार उपभोक्ता वरीयता विनियम दो हजार अट्ठारह जारी किया है। ट्राई ने बारह फरवरी को इस विनियम में संशोधन जारी किया है। इसके तहत दिशा–निर्देश भी जारी किए गए हैं। एक दूरसंचार ग्राहक सभी वाणिज्यिक संचारों को ब्लॉक करने का विकल्प चुन सकता है या प्राथमिकता श्रेणियों के अनुसार चुनिंदा वाणिज्यिक संचारों को ब्लॉक कर सकता है और मोबाइल ऐप के माध्यम से यूसीसी भेजने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है, शॉर्ट कोड 1909 पर एसएमएस भेज सकता है और 1909 पर कॉल कर सकता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के मरीना पार्क में आज दोपहर भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण ऐरोबेटिक टीम द्वारा एयर–शो का शानदार प्रदर्शन किया गया। सूर्य किरण के दस्ते में शामिल नौ विमानों ने हवा में करतब दिखाकर माहौल को रोमांच से भर दिया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप के ऊपर से विमानों को उड़ान भरते देख लोग बेहद उत्साहित नज़र आए। बड़ी संख्या में लोग एरोबेटिक शो को देखने पहुंचे। भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर कुलदीप हुड्डा ने स्कैट पॉयलेटों के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। कल भी मरीना पार्क में सूर्यकिरण ऐरोबेटिक टीम द्वारा एयर–शो का प्रदर्शन किया जाएगा। इस सिलसिले में मरीना पार्क सड़क कल शाम साढ़े तीन बजे से चार बजकर पन्द्रह मिनट तक वाहनों के लिए बंद रहेगी। इस दौरान धर्मशाला जंक्शन से जे एन आर एम कॉलेज जंक्शन तक की सड़क पर वाहनों की आवाजाही संचालित नहीं होगी। दुपहिया

वाहनों के लिए गर्ल्स स्कूल और चार पहिया वाहनों के लिए  जे एन आर एम के अंदर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><>

सड़क सुरक्षा को बढ़ाने और यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अंडमान निकोबार यातायात पुलिस की ओर से फरवरी माह में प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इसके परिणामस्वरूप, विभिन्न यातायात उल्लंघनों के लिए कुल एक हजार पांच सौ उनचास वाहनों का चालान किया गया। इनमें शराब पीकर गाड़ी चलाने के एक सौ इकसठ मामले शामिल हैं। इसके अलावा, टिंटेड फिल्मों के अवैध उपयोग के लिए इकहत्तर वाहनों का चालान किया गया। बिना हेलमेट के सवारी करने के लिए छियालीस सवारों को दंडित किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अवैध वाहन संशोधनों के अट्ठारह मामलों की पहचान की गई, और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस ने आम जनता को भी यातायात उल्लंघनों की रिपोर्ट करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय की ओर से कल अंडमान क्लब में फाग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भोजपुरी समाज के सहयोग से शाम छः बजे से इसका आयोजन होगा। 'फाग' एक पारंपरिक भोजपुरी लोक प्रदर्शन है, जो भारत की उत्सव भावना और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। कला एवं संस्कृति निदेशालय की इस पहल का उद्देश्य क्षेत्रीय लोक परंपराओं को बढ़ावा देना और द्वीपसमूह के लोगों को एक समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करना है।  इस बीच, श्री विजयपुरम स्थित हिन्दी साहित्य कला परिषद की ओर से हिन्दी भवन में कल होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम कल शाम साढ़े पांच बजे से आरंभ होगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से स्कूली बच्चों के लिए कोचिंग कक्षाएं आयोजित की जाएगी। ये कक्षाएं खो–खो, क्रिकेट, एथलेटिक्स, कबड्डी, तीरंदाजी और टेबल टेनिस के लिए आयोजित होगी।

उधर, गुवाहाटी में तेईस से अट्ठाईस अप्रैल तक आयोजित होने वाली सीनियर नेशनल रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप के लिए रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से श्री विजयपुरम में सत्रह मार्च से चैंपियनशिप–सह–चयन ट्रायल और कोचिंग कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, अंडर–18 के तहत लड़के और लड़कियों के लिए जूनियर नेशनल रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप चौबीस से उनतीस  जून तक होगी। इच्छुक टीमों से कल तक अपने नाम नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक एसोसिएशन में पंजीकृत कराने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>